हरिभूमि

# बालोद भूमि

रायपुर, रविवार 15 मार्च 2026


तापमान

अधिकतम 36.0 डिग्री

न्यूनतम 23.0 डिग्री




11 साहू समाज की बैठक में मां कर्मा जयंती महोत्सव की...



12 फाग गीत हमारी समृद्ध लोकसंस्कृति की अमूल्य...









# सीएम साय ने महत्वाकांक्षी गौधाम योजना का किया वर्चुअल शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज गुरु घासीदास केंद्रीय विश्वविद्यालय परिसर बिलासपुर से रिमोट का बटन दबाकर शासन की महत्वाकांक्षी गौधाम योजना का वर्चुअल शुभारंभ किया। जिला स्तर पर इस कार्यक्रम का आयोजन जिला कार्यालय के एनआईसी कक्ष में किया गया।

■ सरकार पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही

कार्यक्रम में गौ सेवा आयोग के जिला अध्यक्ष योगेश्वर प्रसाद यादव, सदस्य विनोद साहू, विकासखंड अध्यक्ष घनश्याम यादव, वेद प्रकाश साहू, वासुदेव नागेश, खिलेश्वर साहू तथा सदस्य मिथुन साहू उपस्थित रहे। इस अवसर पर उप संचालक पशुपालन विभाग देवेंद्र सिदार सहित अन्य विभागीय अधिकारी–कर्मचारी भी मौजूद थे।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि गौ माता भारतीय संस्कृति, आस्था और ग्रामीण अर्थव्यवस्था का महत्वपूर्ण आधार है। गौधाम योजना के माध्यम से बेसहारा एवं घुमंतू गौवंश को सुरक्षित आश्रय उपलब्ध कराया जाएगा तथा पशुधन संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि गोधन संरक्षण और गौसेवा को प्रोत्साहित करने के लिए राज्य सरकार पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रदेश में पशुपालन और दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड (एनडीडीबी) के साथ एमओयू किया गया है, जिससे दुग्ध उत्पादन बढ़ाने की दिशा में सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं। गौधामों में गौवंश के लिए चारा, पानी और समुचित देखभाल की व्यवस्था की जाएगी। साथ ही इससे स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे और सड़कों पर आवारा पशुओं से होने वाली दुर्घटनाओं में भी कमी आएगी।





## ग्रामीण भारत के पुनरोत्थान का प्रयास : तोखन

केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू ने कहा कि गौधाम योजना का शुभारंभ एक ग्रामीण भारत के पुनरोत्थान का भागीरथी प्रयास है। उन्होंने कहा कि गोधन संरक्षण के माध्यम से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी। साहू ने प्रदेश में गौ संरक्षण के क्षेत्र में काम करने वाले विभिन्न संगठनों, एवं व्यक्तियों की प्रशंसा की। कृषि एवं पशुधन विकास मंत्री रामविचार नेताम ने कहा कि आज का दिन छत्तीसगढ़ के लिए ऐतिहासिक है, जब पूरे प्रदेश में एक साथ गौधाम योजना की शुरुआत हो रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के सभी विकासखंडों में 10–10 गौधाम चरणबद्ध रूप से स्थापित किए जाएंगे, जिससे गौवंश संरक्षण के साथ–साथ लोगों को स्वरोजगार के अवसर भी मिलेंगे। गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष विशेषर पटेल ने कहा कि गाय हमारे अस्तित्व के लिए आवश्यक है और गौवंश संरक्षण के लिए राज्य सरकार सुनियोजित कार्ययोजना के तहत कार्य कर रही है।

## खबर संक्षेप

### सूने मकान से सोने-चांदी के आभूषण व नकदी पार

**बालोद।** शादी कार्यक्रम में गए दंपत्ति के घर चोर ने सोने चांदी व नकदी की चोरी कर ली। जिसके बाद पीड़ित व्यक्ति ने अज्ञात चोर के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमे पुलिस ने धारा 305, 331(4) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। गंगा मईया कालोनी गंजपारा बालोद निवासी सुरेन्द्र कुमार साहू पिता हीरा राम साहू 32 वर्ष ने बताया कि 11 मार्च को रिश्तेदार के घर शादी कार्यक्रम में भखारा धमतरी जाने पत्नी काजल साहू के साथ दोपहर 01 बजे घर में ताला लगाकर गये थे। 12 मार्च को सुबह करीबन 07 बजे हमारे पडोसी हेमा ठाकुर ने फोन लगाकर बतायी कि घर में लगा ताला टुटा हुआ जमीन में पडा है। मै और मेरी पत्नी भखारा से अपने घर गंजपारा बालोद पहुचकर देखे तो हमारे मकान के बगल के छोटा गेट में लगा ताला टुटा हुआ जमीन पर पडा हुआ था अंदर सामने दरवाजा में लगे ताला एवं इंटरलॉक टुटा हुआ दरवाजा खुला था जिससे हमारे घर में चोरी होने की अंदेशा होने पर तत्काल मोबाईल से पुलिस को सूचना देने पर थाना ▶▶|शेष पेज 11 पर

# 5 लाख की चोरी, अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जमीन बेचकर कमरे में रखे 5,00,000 रूपये की चोरी अज्ञात चोर द्वारा कर ली गई। जिसके बाद पीड़ित व्यक्ति ने अज्ञात चोर के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमे पुलिस ने धारा 305, 331(4) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। वार्ड क्रमांक 06 पाण्डेपारा बालोद निवासी नितेष कुमार साहू पिता स्व0 दीपक साहू 29 वर्ष ने पुलिस को बताया कि वर्ष 2025 में हमारे जमीन बेचने से मिले नगदी रूपये 19,00,000 रूपये को मां मीना साहू ने अपने कमरे के आलमारी में माह नवम्बर 2025 में रखे थे। उसी राशि में से अब तक मकान निर्माण एवं अन्य घरेलू कार्यो में करीबन 9,00,000 रूपये खर्च किये है। 25 फरवरी 2026 को मां मीना साहू से आलमारी की चाबी मांगकर आलमारी में रखे रूपयों की गिनती करने पर 5,00,000 रूपये रखा हुआ तथा करीबन 5,00,000 रूपये गायब था जिस संबंध में मां मीना साहू, बड़े भाई अविनाश साहू एवं पत्नी ▶▶|शेष पेज 11 पर

## सोने-चांदी के जेवर व नगदी चोरी

**बालोद।** किराए के मकान में चोरो ने सोने, चांदी व नगदी सहित 95,000 रूपये की चोरी कर ली। जिसके बाद पीड़ित व्यक्ति ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमे पुलिस ने धारा 305, 331(4) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। शेयर माइक्रो फाईनेंश बैंक गुरूर में मैनेजर के पद पर पदस्थ नवापारा बिलासपुर निवासी उत्तरा कुमार पटेल ने पुलिस को बताया 05 मार्च के सुबह करीबन 03:30 बजे अपने घर नवापारा बिलासपुर गया था 11 मार्च के दोपहर करीबन 12 बजे घर मालकीन पिन्की रानी चन्द्राकर फोन करके बतायी कि आप जिस क्वाटर में रहते हो वहाँ का दरवाजा टुटा हुआ है, चोरी हो गया है तब सूचना पाकर अपने पत्नी निर्मला पटेल के साथ गुरूर आकर देखा तो सामने का दरवाजा टुटा हुआ, कमरा का दरवाजा टुटा हुआ, कमरा में रखे दोनों आलमारी का हेण्डल लॉक टुटा हुआ, आलमारी में रखे 03 तोला सोने का हार, 25 तोला चांदी का पायल, 03 नग सोने का लॉकेट को कोई अज्ञात चोर 05 मार्च से 11 मार्च के मध्य चोरी कर ले गया है।




**खबर संक्षेप**

### साईं मंदिर समिति की 15 मार्च को साधारण सभा

**दुर्ग।** सार्वजनिक श्री साई महोत्सव समिति (साईं मंदिर) सिविल लाइन कसारीडीह की साधारण सभा की बैठक एंव होली मिलन समारोह 15 मार्च रविवार को दोपहर 12 बजे साई मंदिर परिसर में आयोजित की गई है। बैठक में सर्वप्रथम फूलों की होली खेलकर पर्व की खुशियां मनाई जाएगी। इसके अलावा बैठक में कोषाध्यक्ष द्वारा वार्षिक साई महोत्सव सत्र 25-26 के आय-व्यय का प्रस्तुतिकरण, समिति के चार वर्षीय कार्यकाल वाले आगामी निर्वाचन के संबंध में चर्चा एवं अध्यक्ष की अनुमति से अन्य आवश्यक प्रस्तावों एंव सुझावों पर चर्चा को एजेंडे के रुप में शामिल किया गया है। उक्ताशय की जानकारी देते हुए सार्वजनिक श्री साईं महोत्सव समिति सिविल लाइन कसारीडीह के सचिव धनेन्द्र सिंह चंदेल ने सदस्यों से बैठक में शामिल होने की अपील की है।

### उरला में हेल्थ कैम्प और नशा उन्मूलन शिविर 18 को

**दुर्ग।** समाजसेवी संगठन हंसराज नवयुवक मंडल द्वारा 18 मार्च को सुबह 11 से दोपहर 3 बजे तक आईएचएसडीपी कॉलोनी उरला वार्ड 58 के सामुदायिक भवन में निःशुल्क हेल्थ कैम्प और नशा उन्मूलन शिविर आयोजित है। जिला प्रशासन के सहयोग से यह शिविर लगाया जा रहा है। इस दौरान निःशुल्क परिवार परामर्श जागरुकता सहायता, स्वास्थ्य जांच परीक्षण चिकित्सा व नशा उन्मूलन पर परामर्श दिया जाएगा। इसमें कानूनी अधिकारों, योजनाओं, सुविधाओं के बारे में बताकर उन्हें थानों, कोर्ट-कचहरी व अन्य शासकीय विभागों में कहीं भी अनावश्यक भागादौड़ी, रुपयों-पैसों खर्चों में कमी लाने सरल व सहज तरीके से शासन की मदद से न्याय पाने बताया जाएगा। शिविर में आयुष्मान वय वंदन कार्ड भी बनाया जाएगा। इसके जरिए हितग्राहियों का 5 लाख रुपए तक के इलाज का खर्च का लाभ शासन से मिलेगा। शिविर में अधिवक्ता व परामर्शदाता के रूप नीता साहू, मोनिका सिंह, सीमा हिरवानी, शासकीय चिकित्सकों व स्वास्थ्यकर्मियों के अलावा कल्याणी संस्था के सदस्यगण विषय विशेषज्ञ व वक्ता के रुप में उपस्थित रहेंगे।

### अफीम की खेती को लेकर पूरे प्रदेश में हो जांच

**दुर्ग।** समोदा के बाद बलरामपुर में अफीम की खेती के खुलासे के बाद कांग्रेस ने भाजपा सरकार को घेरना शुरू कर दिया है। इसे लेकर लगातार कांग्रेस जवाब चाह रही है। कांग्रेस के प्रदेश सचिव अय्यूब खान ने कहा कि एक दिन पहले ही दुर्ग और भिलाई में भाजपा कार्यालयों के घेराव का प्रयास



किया गया। विरोध प्रदर्शन कर प्रशासनिक अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा गया। कांग्रेस इस मामले में शांत नहीं बैठेगी, पुलिस और सरकार को वस्तु स्थिति की पूरी जानकारी देनी ही होगी। प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज के नेतृत्व में पूरे प्रदेश में कांग्रेसी एकजुट हो गए हैं। मुख्य बात छत्तीसगढ़ प्रदेश अफीम खेती किया जाना है, वो बीजेपी से जुड़े नेताओं, कार्यकर्ताओं एवं उनके लोगों द्वारा प्रदेश भर से अन्य जिले से भी की अफीम की खेती की सूचनाएं लगातार आ रही है। मक्का और चना की खेती के दौरान अफीम बोई जारी है। प्रोत्साहन राशि ली जा रही है।

# रिसाली-भिलाई निगम के खाली तीन वार्डों की फोटोयुक्त निर्वाचन नामावली होगी तैयार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग ने नगरीय निकायों के खाली वार्डों में उपचुनाव के परिप्रेक्ष्य में वार्डों का निर्वाचन नामावली तैयार करने के निर्देश जारी किए हैं। फोटोयुक्त निर्वाचन नामावली एक अप्रैल 2026 को विधानसभा की नई सूची के आधार पर तैयार होगी। रिसाली निगम में वार्ड क्रमांक 2 और वार्ड क्रमांक 39 पार्षद पर खाली है। भिलाई निगम में वार्ड क्रमांक 1 में पार्षद पद तत्कालीन पार्षद के निधन के बाद खाली है।

## विधानसभा की नई मतदाता सूची एक अप्रैल 2026 होगा आधार

### 23 से अधिकारियों की होगी नियुक्ति

राज्य निर्वाचन आयोजन ने जिला निर्वाचन अधिकारी को यह निर्देश दिए हैं कि 23 मार्च को रजिस्ट्रीकरण अधिकारी और सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी की नियुक्त कर लें। निर्वाचन नामावली तैयार करने के लिए प्राधिकृत कर्मचारियों को प्रशिक्षण 24 मार्च को दिया जाए। नामावली का प्रारंभिक प्रकाशन 13 अप्रैल को और दावा आपत्ति 20 अप्रैल तक लिया जाना है। दावा आपत्ति 24 अप्रैल तक प्रस्तुत कर सकते हैं। दावा आपत्ति के निपटारे के बाद नामावली का अंतिम प्रकाशन 15 मई तक करना है।

### दो वार्डों में दर्ज नाम कटेंगे

फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियां तैयार होने पर उनकी बारीकी से जांच करने के निर्देश है। मसलन किसी मतदाताओं का नाम एक ही वार्ड में दो स्थानों पर अथवा उसी नगरपालिका के एक से अधिक वार्डों में दर्ज न हो। इसी तरह किसी ग्राम पंचायतों के मतदाताओं के नाम नगरपालिका की निर्वाचक नामावली में दर्ज नहीं होना चाहिए। एक ही परिवार के ऐसे सदस्यों के नाम जो एक ही मकान में रहते हो लेकिन दो भिन्न-भिन्न पार्टी में दर्ज न हो। नगरपालिका क्षेत्र के सामान्यतः निवासी समस्त पात्र मतदाता, विशेषतः वर्तमान संसद सदस्य, विधानसभा सदस्य, नगरपालिका के महापौर, अध्यक्ष एवं पार्षदों तथा अन्य प्रमुख व्यक्तियों के नाम सम्मिलित हो।

### जिनका नाम दर्ज नहीं उन्हे मिलेगा मौका

जिन मतदाताओं के नाम विधानसभा की निर्वाचक नामावली में दर्ज नहीं है, उन्हें नियत अवधि के पूर्व विधानसभा की निर्वाचक नामावली में अपना नाम दर्ज करवाना होगा। नाम दर्ज हो जाने के प्रमाण के स्वरूप में विधानसभा के रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के इस आशय के आदेश की प्रमाणित प्रति के साथ प्ररूप क-1 में केवल रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (नगरपालिका) को आवेदन प्रस्तुत करना होगा। इन मतदाताओं के आवेदन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी/सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा स्वयं लिए जाएंगे। ऐसे आवेदन विहित स्थानों पर आवेदन प्राप्त करने के लिए नियुक्त अभिहित अधिकारी द्वारा नहीं लिये जायेंगे।

### निर्वाचक नामावली के हैं निर्देश

रिसाली व भिलाई निगम के रिक्त वार्डों में उप निर्वाचन को लेकर नामावली तैयार करने के निर्देश राज्य निवार्चन आयोग ने दिए हैं। नामावली तैयार कर निर्धारित शेड्यूल पर राज्य को प्रेषित करना है।

**विरेंद्र सिंह,**
उप निर्वाचन अधिकारी दुर्ग

## सेल वेतन समझौता की विसंगतियों को नहीं हुआ निदान, 39 माह का लंबित

# हजारों बीएसपी कर्मचारियों को पांच साल बाद भी नहीं मिला करोड़ों का एरियर्स

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

बीएसपी सहित सेल के हजारों कर्मचारियों के करोड़ों के लंबित एरियर्स का भुगतान अब तक नहीं होने से असंतोष बढ़ रहा है। सेल प्रबंधन की उदासीनता से कर्मियों को दोतरफा नुकसान हो रहा है। पिछले पांच साल के दौरान सैकड़ों कर्मचारी सेवानिवृत्त हो चुके हैं। यूनियनों ने जल्द भुगतान के लिए एकजुटता से दबाव बढ़ाना शुरु कर दिया है।

उल्लेखनीय है कि सेल कर्मचारियों के 39 महीने के एरियर्स के मुद्दे का पांच साल बाद भी निदान नहीं हुआ है। इस दौरान यूनियनों द्वारा कई बार सेल प्रबंधन और इस्पात मंत्री से मांग के साथ धरना प्रदर्शन आदि आंदलन किए जा चुके हैं। वर्ष 2018 में दिल्ली में हुई एनजेसीएस की बैठक में सेल कर्मचारियों के वेतन समझौता की विसंगतियों को अब तक दूर नहीं किये जाने का खामियाजा कर्मियों को भुगतना पड़ रहा है। बैठक में एनजेसीएस यूनियनों द्वारा 39 महीने के एरियर्स भुगतान की मांग की गई थी। एरियर्स को किस्तों में भुगतान का सुझाव दिया गया था। एटक के विनोद कुमार सोनी ने बताया कि आश्वासन के बाद भी अब तक वेतन समझौता की त्रुटियों को दूर किया गया और न ही लंबित एरियर्स का ही भुगतान किया जा सका है। जबकि इस दौरान दो बार देशव्यापी हड़ताल और सेलव्यापी आंदोलन के दौरान एरियर्स भुगतान की मांग की गई थी। भुगतान नहीं होने से सेल कर्मचारियों में असंतोष बढ़ रहा है। सीटू और इंटक ने जल्द एनजेसीएस बैठक बुलाकर वेतन समझौता की विंसगतियों के निदान सहित एरियर्स भुगतान की मांग करवाने की मांग प्रबंधन से की है।

**सैकड़ों कर्मचारी हो चुके रिटायर**



### बीएसपीकर्मियों को लाखों का नुकसान

बीएसपी सहित सेल कर्मचारियों के एरियर्स का भुगतान अब तक नहीं होने से दोतरफा नुकसान हो रहा है। एक तरफ उनका वर्ष 2017 से देय लाखों रुपए अटका हुआ है वहीं दूसरी ओर लंबित राशि पर कोई ब्याज भी नहीं दिया जा रहा है। यूनियनों के मुताबिक पिछले पांच साल के दौरान भिलाई इस्पात संयंत्र सहित पूरे सेल के हजारों कर्मचारी रिटायर हो चुके हैं। कई कर्मियों की मृत्यु भी हो चुकी है। जबकि इस दौरान सेल के अधिकारियों को पीआरपी करोड़ो के पीआरपी का भुगतान पिछले साल किया जा चुका है। इस भेदभाव से भी कर्मियों में असंतोष बढ़ रहा है।

### इस्पात मंत्री का आश्वासन बेअसर

एक साल पूर्व भिलाई आए इस्पात मंत्री एचडी कुमार स्वामी को भिलाई निवास में यूनियनों ने अपूर्ण वेतन समझौता को जल्द पूर्ण कराने व लंबित 39 महीने के एरियर्स भुगतान की मांग की थी। यूनियनों के मुताबिक मंत्री द्वारा सकारात्मक आश्वासन दिया गया था। लेकिन अब तक न तो एसनेजीएस सब कमेटी की बैठक बुलाई गई और न ही इस मुद्दे का निदान ही हुआ। इंटक, एटक, सीटू, एचएमएस यूनियनों ने जल्द लंबित एरियर्स का भुगतान कर कर्मियों को मनोबल बढ़ाने की मांग की है।

# काम से निकाले गए कर्मचारियों को बहाल करने की मांग



हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

चंदूलाल चंद्राकर मेमोरियल मेडिकल कॉलेज से निकाले गए कर्मचारियों की बहाली की मांग को लेकर अस्पताल के समक्ष विरोध प्रदेशन किया गया। इस दौरान पुलिस बल भी बड़ी संख्या में मौजूद थे।

■ चंदूलाल मेडिकल कॉलेज के समक्ष किया विरोध प्रदर्शन

जन स्वास्थ्य कर्मचारी यूनियन के सचिव सुमीत परगनिहा और संगठन सचिव कलादास डेहरिया ने बताया कि कचांदुर स्थित चंदूलाल चंद्राकर मेमोरियल मेडिकल कॉलेज और संबद्ध अस्पताल से निकाले गए कर्मचारियों को आज तक पुनः काम पर बहाल नहीं किया गया है। कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में उक्त अस्पताल और मेडिकल कॉलेज का शासकीयकरण किया गया था। उस समय यहां कार्यरत सफाई सहित अन्य कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया गया।

कर्मचारियों की बहाली की मांग को लेकर लगभग दो वर्षों तक लगातार धरना-प्रदर्शन भी किया गया। यूनियन पदाधिकारियों ने बताया कि निजी अस्पताल को सरकारी करने के पीछे सरकार का उद्देश्य था कि अस्पताल को सर्वसुविधायुक्त बनाया जाएगा। क्षेत्र के लोगों को बेहतर और समुचित इलाज उपलब्ध कराया जाएगा। साथ ही डॉक्टरों और अन्य स्टाफ की कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी, लेकिन वर्तमान में स्थिति इसके बिल्कुल विपरीत नजर आ रही है। यूनियन के पदाधिकारियों ने कहा कि कॉलेज में स्टाफ भर्ती की प्रक्रिया अभी तक पूर्ण नहीं हो पाई है और केवल स्थानांतरण के भरोसे कॉलेज और अस्पताल को संचालित करने की कोशिश की जा रही है। स्टाफ और डॉक्टरों की कमी के कारण कई वार्डों को आपस में मिलाकर एक वार्ड के रूप में संचालित किया जा रहा है, जो स्पष्ट रूप से स्टाफ की कमी को दर्शाता है।

दूसरी ओर मरीज चिकित्सकों के अभाव में भटकते नजर आते हैं। यूनियन का मानना है कि मेडिकल कॉलेज और अस्पताल को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए पर्याप्त स्टाफ की आवश्यकता है। इसलिए पहले से कार्यरत निकाले गए कर्मचारियों को पुनः बहाल किया जाए, जिससे अस्पताल और मेडिकल कॉलेज में स्वास्थ्य सेवाएं बेहतर ढंग से उपलब्ध कराई जा सकें।

## 14 अप्रैल से पहले अंबेडकर म्यूजियम और लाइब्रेरी का कार्य पूर्ण करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

बीएसपी एससी/एसटी एम्पलाइज एसोसिएशन के अध्यक्ष कोमल प्रसाद के नेतृत्व में भिलाई इस्पात संयंत्र प्रबंधन के कार्यपालक निदेशक मानव संसाधन के साथ बैठक हुई। इसमें कई मुद्दों पर चर्चा की गई। यूनियन अध्यक्ष कोमल प्रसाद ने अनुसूचित जाति और जनजाति के विभिन्न समस्याएं जैसे एससी/एसटी की महिलाओं को स्वरोजगार के लिए प्रशिक्षण देना, एससी/एसटी के विद्यार्थियों को विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए प्रोत्साहन और प्रशिक्षण देना, 14 अप्रैल को बाबा साहब की जयंती मनाना, डॉक्टर अंबेडकर प्रेरणा स्थल का संधारण करना, खेल और सांस्कृतिक मैदान में लगे बाबा साहब के मूर्ति का सौंदर्यीकरण करना, सेक्टर-5 में डॉक्टर अंबेडकर म्यूजियम और लाइब्रेरी का कार्य अति शीघ्र प्रारंभ करवाना, डॉ. अंबेडकर स्कूल मरोदा स्टेशन का संधारण करवाना और एससी/एसटी के अधिकारियों व कर्मचारियों की मूलभूत समस्याओं पर चर्चा हुई। प्रबंधन द्वारा इस पर सहमति व्यक्त की गई। साथ ही डॉक्टर अंबेडकर प्रेरणा स्थल का संधारण का आश्वासन एसोसिएशन को दिया गया है। बैठक में प्रबंधन की ओर से पवन कुमार, जेएन ठाकुर, विष्णु पाठक, सहित यूनियन की ओर से वेद प्रकाश सूर्यवंशी उपाध्यक्ष, अनिल कुमार खेलवार कोषाध्यक्ष, धनंजय मेश्राम कार्यकारिणी सदस्य उपस्थित थे।



■ यूनियन ने कई मुद्दों पर की बीएसपी प्रबंधन से चर्चा

## घरेलू और कमर्शियल गैस की बुकिंग की समस्या को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

आम आदमी पार्टी के पदाधिकारियों ने गैस बुकिंग में हो रही परेशानियों को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंप व्यवस्था सुधारने की मांग की है। आप पार्टी के मेहरबान सिंह ने बताया कि जनता को रसोई गैस नहीं मिल रही है। सरकार द्वारा जिला प्रशासन द्वारा दावे किए जा रहे हैं कि स्टॉक की कोई कमी नहीं लेकिन यह सिर्फ मौखिक है, हकीकत में ऑटोमेटिक गैस बुकिंग व्यवस्था सरकार की पोल खोल रही है। डॉ. एसके अग्रवाल ने कहा कि अलग-अलग क्षेत्र में से मिली शिकायत यह बताती है कि हालत सामान्य नहीं है।

गैस की किल्लत पूरे क्षेत्र में हो रही है। लोगों ने अपने-अपने क्षेत्र में आने वाले गैस एजेंसी में गैस बुकिंग करने का प्रयास किया लेकिन नंबर ही नहीं लग रहा। गैस की किल्लत होने के कारण लोगों को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। 25 दिनों के समय के अंतराल में बुकिंग करने की समय सीमा भी पार हो चुकी है। जसप्रीत सिंग ने बताया कि खुर्सीपार और भिलाई के अन्य क्षेत्रों में कुछ गैस एजेंटीयों से रसोई गैस तथा कमर्शियल गैस को ब्लैक करने का भी मामला सामने आया है। इस अवसर पर रऊफ अंसारी, धर्मेंद्र चौधरी, हरचरण सिंह, सोनू यादव आदि मौजूद थे।



### पेंशन नहीं मिलने पर उप संचालक से की मुलाकात

**भिलाई।** समाज कल्याण विभाग कार्यालय के उपसंचालक से जिला महामंत्री कांग्रेस कमेटी दुर्ग ग्रामीण राम सूर्यवंशी ने मुलाकात की। इस दौरान भिलाई चरोदा नगर निगम क्षेत्र के शासन-से योजना विशेष के तहत पात्रताधारी हितग्राहियों को पिछले तीन से चार महीने का पेंशन नहीं मिलने की ओर ध्यानाकर्षण कराया गया। श्री सूर्यवंशी ने उप संचालक को बताया कि महीनों से वृद्ध, दिव्यांक व विधवा पेंशन योजना के करीब दुर्ग जिले के 48,000 लोगों को पेंशन नहीं आ पा रहा है। राशि बजट नहीं होने के कारण नहीं मिल पा रहा है जिससे उन्हें कठिनाई हो रहे है। मंत्रालय के अधिकारी से बात करने के बाद आश्वासन मिला उनके द्वारा आश्वाशन दिया गया कि 1 सप्ताह के अंतर्गत सभी को राशि उपलब्ध करा दी जाएगी।



### नशे में वाहन चलाने वाले 626 चालकों पर कार्रवाई

**भिलाई।** ट्रैफिक पुलिस ने अभियान चलाकर शराब के नशे में वाहन चालने वाले चालक को पर शिकंजा कसने का प्रयास किया है। इस दौरान ट्रैफिक पुलिस ने ब्रेथ एनालाइजर मशीन के माध्यम से चेकिंग की जा रही है। शराब सेवन कर वाहन चलाते पाए जाने वाले वाहन चालकों के खिलाफ मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 185 के तहत कार्रवाई की जा रही है। माह जनवरी में 198, फरवरी 288 और मार्च माह में 140 वाहन चालकों पर शिकंजा कसा गया है। विगत 70 दिनों में ट्रैफिक पुलिस ने कुल 626 वाहन चालकों पर कार्रवाई की गई है। वाहन जप्त कर चालको का प्रकरण न्यायालय में पेश किया गया। जहां न्यायालय द्वारा 10 हजार रुपये से अधिक के अर्थदंड से दंडित किया है।

# मार्च में पहली बार नहीं पेश हो पाएगा भिलाई निगम का बजट

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

नगर पालिक निगम के इतिहास में ऐसा पहली बार होगा जब मार्च के महीने में महापौर अपना बजट पेश नहीं कर पाएंगे। इसका पूरा दोष महापौर ने आयुक्त नगर पालिक निगम भिलाई पर डाला है। महापौर नीरज पाल का आरोप है कि मार्च का आधा महीने खत्म होने को है, लेकिन अभी तक आयुक्त ने महापौर परिषद को वास्तविक बजट 2025-26 और प्रस्तावित बजट सत्र 2026-27 के बजट का लेखा-जोखा नहीं पेश किया है। उन्होंने इस संबंध में उन्हें पत्र भी लिखा है। महापौर ने जो निगम आयुक्त को पत्र लिखा है उसमें उन्होंने उल्लेख किया है कि आगामी वित्तीय बजट के संबंध में आयुक्त से पूर्व में मौखक रूप से चर्चा हुई है। आयुक्त को बताया गया था कि बजट से जुड़ी पूरी जानकारी नियमानुसार महापौर परिषद (एमआईसी) के सामने प्रस्तुत करें, जिससे समय पर इसे सामान्य सभा में रखा जाए और उसके बाद बजट पेश किया जाए।




### बजट को लेकर जताया खेद

महापौर ने पत्र के माध्यम से खेद व्यक्ति किया है कि बजट पेश करने का समय काफी नजदीक है, लेकिन अब तक आयुक्त के द्वारा बजट पुस्तिका महापौर परिषद के समक्ष नहीं रखी गई है, जबकि बजट को सामान्य सभा से पारित कराकर अंतिम स्वीकृति के लिए शासन को भेजना अंतिम और अनिवार्य प्रक्रिया है।

## ट्विनसिटी का पारा 39 डिग्री लेकिन सिस्टम बदलने से गिरेगा पारा

# बंगाल की खाड़ी से आ रही नमी, धुंध और बदली के बने आसार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

ट्विनसिटी में गर्मी ने पिछला रिकार्ड तोड़ दिया है। मार्च में ही पारा 39 डिग्री सेल्सियस पार कर चुका है। शुक्रवार को भिलाई- दुर्ग का पारा 39.3 डिग्री सेल्सियस जा पहुंचा। पिछले साल 31 मार्च को पारा 39 डिग्री सेल्सियस पर था। तीन दिन पहले यानी 10 मार्च को भी पारा करीब 39 डिग्री सेल्सियस था। इस तरह इस सीजन में दूसरी बार पारा यहां आ पहुंचा और पिछला रिकार्ड तोड़ दिया है। मौसम विभाग के मुताबिक बंगाल की खाड़ी से नमी आ रही है जिसकी वजह से सिस्टम में बड़ा बदलाव के संकेत हैं। जिससे तापमान में करीब 4 डिग्री सेल्सियस की गिरावट हो सकती है। धुंध और बदली छाए होने के आसार हैं।



### पश्चिमी विक्षोभ का हो रहा असर

मौसम विज्ञानी डॉ. एचपी चंद्रा ने बताया कि एक पश्चिमी विक्षोभ, द्रोणिका के रूप में मध्य क्षोभमंडल में 5.8 किलोमीटर ऊंचाई पर 69 डिग्री पूर्व और 33 डिग्री उत्तर में स्थित है। 14 मार्च से प्रदेश के उत्तरी भाग में उत्तर से तथा दक्षिणी भाग में दक्षिण से (बंगाल की खाड़ी से नमी युक्त हवाओं का ) आगमन वातावरण के निम्न स्तर पर होने की सम्भावना है। जिसके कारण मध्य छत्तीसगढ में एक वायु संमिलन क्षेत्र बनने की सम्भावना है। जिसके कारण 15-16 मार्च को मौसम की विषमता रहने की संभावना है।

### बंगाल की खाड़ी में से आ रही है नमी

मौसम विभाग के मुताबिक ट्विनसिटी सहित प्रदेश में शुक्रवार से बंगाल की खाड़ी से नमी आने की संभावना है, जिसके कारण 13 मार्च से बस्तर संभाग के जिलों से वर्षा की गतिविधि प्रारंभ हो गई है। 14 मार्च को दक्षिण छत्तीसगढ़ में एक दो स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। 15 और 16 मार्च को प्रदेश के लगभग सभी जिलों में कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। इस अवधि में गरज चमक के साथ अंधड़ चलने, वज्रपात होने तथा की संभावना है। इस अवधि में अधिकतम तापमान में करीब चार डिग्री के आसपास गिरावट संभावित है।

### निगम ने की बेदखली कार्रवाई

**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई द्वारा शहर में अवैध अतिक्रमण और कब्जों के खिलाफ लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में जोन-2 वैशाली नगर अंतर्गत वार्ड क्रं. 22 सुन्दर विहार कालोनी कृष्णकुंज के पास किए गए अवैध निर्माण पर निगम प्रशासन ने बेदखली की कार्यवाही की। निगम आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय को प्राप्त सूचना के आधार पर उक्त स्थान पर अवैध रूप से निर्माण कर उसे किराये पर देकर धन उगाही की जा रही थी। मामले की जानकारी मिलने पर नगर निगम की टीम ने मौके पर पहुंचकर कार्यवाही करते हुए अवैध अतिक्रमण को बेदखल किया। यह कार्यवाही आयुक्त के निर्देशानुसार की गई है। इस दौरान जोन-2 आयुक्त येशा लहरे की उपस्थिति में जोन-2 राजस्व विभाग एवं बेदखली की संयुक्त टीम ने मौके पर पहुंचकर अवैध कब्जे को हटाते हुए बेदखल किया। नगर निगम भिलाई ने अतिक्रमणकारियों को स्पष्ट किया है कि शहर में किसी भी प्रकार का अवैध अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और ऐसी कार्यवाही आगे भी लगातार जारी रहेगा। कार्यवाही के दौरान सहायक राजस्व अधिकारी प्रशन्न तिवारी, बेदखली प्रभारी विनय शर्मा, सहायक हरिओम गुप्ता सहित बेदखली टीम उपस्थित रहे।



## खबर संक्षेप

### पीएम किसान सम्मान निधि की 22वीं किस्त जारी

**गुरूर।** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 22वीं किस्त 13 मार्च को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किसानों के खाते में सीधे आर्थिक सहायता की राशि हस्तांतरित की गई। जिस पर हर्ष व्यक्त करते हुए अध्यक्ष जनपद पंचायत गुरुर सुनीता संजय साहू ने अन्नदाताओं की बड़ी जीत बताया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री किसान



सम्मान निधि योजना के माध्यम से किसानों को जो प्रतिवर्ष आर्थिक सहयोग प्रदान की जाती है, जिससे उन्हें खेती किसानी के कार्यों में सहयोग मिलता है और उनकी आय को सु–ढ़ करने में मदद मिलती है। प्रधानमंत्री जी ने असम के गुवाहाटी से एक क्लिक के माध्यम से देश के किसानों के खातों में राशि सीधे ट्रांसफर की है जिसे छत्तीसगढ़ के किसानों के खाते में भी सम्मान निधि की राशि पहुंची है जो हमारी सरकार की किसान हितैसी नीतियों का प्रमाण है, उन्होंने कहा है कि राज्य की विष्णु देव सरकार और केंद्र की मोदी सरकार मिलकर छत्तीसगढ़ के किसानों को समृद्ध बना रही है, बजट में कृषक उन्नति योजना के बाद अब सम्मान निधि की यह किस्त खेती किसानी के कार्यों में मिल का पत्थर साबित होगा। प्रदेश सरकार किसानों के हित में लगातार विभिन्न योजनाओं के माध्यम से सहायता प्रदान कर रही है जिससे कृषि क्षेत्र को मजबूती बनाने और किसानों की आर्थिक स्थिति को बेहतर बनाने का प्रयास किया जा रहा है।

### गोपाल साहू बने साहू संघ के प्रदेश कोषाध्यक्ष

**गुरूर।** साहू समाज को संगठित कर और भी सशक्त करने प्रदेश साहू संघ द्वारा नये पदाधिकारियों क मनोनीत किया जा रहा है, इसी कड़ी में जिले के गुरुर ब्लाक



निवासी एवं वरिष्ठ जन सेवक गोपाल साहू को प्रदेश कोषाध्यक्ष बनाया गया है। गोपाल साहू के इस उपलब्धि पर छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के प्रति आभार व्यक्त करते हुए जिला साहू संघ अध्यक्ष महेंद्र साहू, पूर्व विधायक प्रीतम साहू, पूर्व विधायक वीरेंद्र साहू, पूर्व मंत्री रमशीला साहू, पूर्व विधायक डॉ. दयाराम साहू, टहल साहू, दीपक ताराचंद साहू, पूर्व विधायक कुमारी बाई साहू, मिथलेश साहू, तुकाराम साहू, सुचित्र साहू, प्रेम साहू, प्रतिभा चौधरी, टुमन लाल साहू, भानुमति साहू, मदन सोनबरसा, छवि सार्वा, जिला कार्यकारी अध्यक्ष किशोरी साहू, कृष्णा साहू, राजेन्द्र साहू, कृष्णराम साहू, रश्मि साहू, जानकी साहू, डॉ. कमलराम साहू, समस्त परिक्षेत्रीय एवं ग्रामीण पदाधिकारियों ने हर्ष व्यक्त की है।


### बिक्री इकरारनामा

मिलाप दास पिता रूपचंद, निवासी ग्राम बोरगहन तह. गुंडरदेही जिला बालोद छ.ग.

पक्षकार क्रमांक 01 (विक्रेता)

**पक्ष मे**

ठकेश्वर साहू पिता श्री कांशीराम साहू, निवासी बठेना तहसील व जिला धमतरी छ.ग.

पक्षकार क्रमांक 02 (क्रेता)

पक्षकार क्रमांक 01 एवं 02 निम्नानुसार करार करते है :-

01. यह कि पक्षकार क्रमांक 01 की हक एवं स्वामित्व कृषि भूमि जो कि ग्राम बोरगहन प. ह.नं. 58 रा.नि.मं. कलंगपुर तह गुंडरदेही जिला बालोद में स्थित है जिसका खसरा नंबर 84/2 रकबा 0.13 हे. है उक्त भूमि को विक्रेता द्वारा 9,55,000/- रूपया अक्षरी नौ लाख पचपन हजार रूपया चुक्ता (29,38,461/- अक्षरी उनतीस लाख अडतीस हजार चार सौ इकसठ रूपया प्रति एकड की दर से) मे विक्रय करने का प्रस्ताव क्रेता के समक्ष रखा गया है जिसे क्रेता ने स्वीकार कर ब्याना राशि 1,00,000/- रूपया अक्षरी एक लाख रूपया नगद विक्रेता को आज दिनांक 11.03.2026 को दो गवाहों के समक्ष प्रदान कर दिया गया है शेष रकम पंजीयन के समय प्रदान किया जावेगा जिस पर दोनो पक्षकार सहमत है।
02. यह कि उक्त भूमि का पंजीयन विक्रेता द्वारा क्रेता के पक्ष में आज दिनांक 11.03.2026 से 01 माह के भीतर कर दिया जावेगा जिस पर दोनो पक्षकार सहमत हैं।
03. यह कि उक्त संपत्ति के नकल नाप का खर्च विक्रेता एवं पंजीयन खर्च क्रेता वहन करेगा, जिस पर दोनो पक्षकार सहमत है।
04. यह कि उक्त इकरारनामा दोनो पक्षकारों के उत्तराधिकारियों पर भी बंधनकारी रहेगा। पूर्व में किसी अन्य से इकरारनामा या विक्रय नहीं किया गया है।
05. विक्रीत संपत्ति हर प्रकार से भार मुक्त विक्रय किया गया है भूमि बैंक आदि में बंधक नहीं है।
06. यह कि विक्रेता अब उक्त संपत्ति किसी अन्य को अंतरित नहीं करेगा।
07. यह कि उक्त भूमि का पंजीयन क्रेता अपने या किसी अन्य के नाम पर करा सकता है जिस पर विक्रेता सहमत हैं।
08. उक्त भूमि पर यदि पंजीयन के पूर्व का किसी प्रकार का वाद विवाद होता है तो इसकी पूरी जिम्मेदारी विक्रेता की रहेगी जिस पर दोनो पक्षकार सहमत है।

अतः यह विलेख हम लोग अपने राजीखुशी से बिना किसी दबाव के साथ होश हवास के स्वस्थ अवस्था में गवाहो के समक्ष लिखा दिये कि सनद रहे। जो वक्त जरूरत पर काम आवे।

दिनांक :- 11.03.2026

(विक्रेता)पक्षकार क्रमांक 01
मिलाप दास

(क्रेता) पक्षकार क्रमांक 02
ठकेश्वर साहू


## कार्यक्रम : जिले के किसानों के खातों में पहुंची सम्मान निधि की राशि

# पीएम किसान सम्मान निधि की 22वीं किस्त जारी, एक दिनी जिला स्तरीय कार्यक्रम





हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

जिले के कृषि विज्ञान केंद्र अरौद में पीएम किसान सम्मान निधि की 22वीं किस्त का भव्य हस्तांतरण कार्यक्रम संपन्न कृषि विज्ञान केंद्र अरौद बालोद में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत 22वीं किस्त जारी होने के उपलक्ष्य में एक दिवसीय जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर देश के करोड़ों किसानों के साथ बालोद जिले के लाभार्थियों के खातों में भी प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 22वीं किस्त वर्चुअली जारी की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला पंचायत बालोद की अध्यक्ष तारणी पुष्पेंद्र चंद्राकर उपस्थित रहीं। वहीं अन्य अतिथियों में सभापति जिला पंचायत बालोद तेजराम साहू, सभापति जिला पंचायत बालोद लक्ष्मी अशोक साहू, सभापति जिला पंचायत बालोद कांति सोनेश्वरी, जनपद सदस्य भगवती उईके, सरपंच ओमप्रकाश भू आर्य, उपसंचालक कृषि विभाग आशीष चंद्राकर, प्रमुख वैज्ञानिक कृषि विज्ञान केंद्र अरौद केआर साहू, कृषि विज्ञान केंद्र अरौद दीपशिखा चंद्राकर उपस्थित थे। अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान उपस्थित प्रगतिशील किसानों को विभाग के द्वारा योजनाओं की जानकारी दी गई। इस दौरान कार्यक को संबोधित करते हुए अध्यक्ष जिला पंचायत बालोद तारणी पुष्पेंद्र चंद्राकर ने कहा कि आज हमारे जिले के अन्नदाताओं के लिए बहुत खुशी का दिन है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 22वीं किस्त सीधे आपके खातों में पहुंच रही है। यह आर्थिक सहायता के साथ–साथ देश के विकास में आपके पसीने और मेहनत का सम्मान है। हम हमेशा इस प्रयास में रहते हैं कि शासन की हर योजना का लाभ अंतिम छोर के किसान तक पहुंचे। मैं आप सभी से आग्रह करती हूं कि इस राशि का उपयोग खेती के उन्नत उपकरणों और उन्नत बीजों के लिए करें ताकि आपकी आय दोगुनी हो सके।

■ **तकनीक और योजनाओं से बदलेगी ग्रामीण अर्थव्यवस्था : तेजराम**

सभापति जिला पंचायत बालोद तेजराम साहू ने कहा कि खेती–किसानी हमारी अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। बालोद जिले के किसान मेहनती हैं और आज तकनीक के माध्यम से उन्हें सशक्त बनाया जा रहा है। कृषि विज्ञान केंद्र अरौद द्वारा दी जा रही तकनीकी जानकारी और सरकार की आर्थिक मदद, दोनों मिलकर हमारे ग्रामीण अंचल की तस्वीर बदलेंगे। आज किसान सम्मान निधि से किसान खुशहाल हो रहे हैं जो डबल इंजन की सरकार में संभव हो रहा है। कृषि विभाग के उपसंचालक आशीष चंद्राकर ने कहा कि विभाग का मुख्य लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी पात्र किसान ई–केवाईसी या तकनीकी कारणों से इस योजना से वंचित न रहे। 22वीं किस्त के जारी होने के साथ ही विभाग फिर से यह परीक्षण करेगा कि कोई पात्र हितग्राही योजना के लाभ से वंचित न हो। कार्यक्रम को अन्य अतिथियों ने भी संबोधित कर शासन की इस महत्वपूर्ण योजना की प्रशंसा की।

# साहू समाज की बैठक में मां कर्मा जयंती महोत्सव की तैयारियों पर चर्चा




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरूर

तहसील साहू सदन गुरुर में तहसील साहू संघ की बैठक आयोजित की गई, जहां मां कर्मा जयंती महोत्सव मनाने, सामाजिक आय व्यय सहित अन्य विषयों पर चर्चा की गई। साथ ही तहसील साहू संघ द्वारा एक सामाजिक प्रकरण की भी सुनवाई की गई। तहसील साहू संघ की बैठक में निर्णय लिया गया कि 15 मार्च को गुरूर तहसील के सभी गांव में मां कर्मा जयंती महोत्सव मनाया जाएगा। इस दिन साहू समाज के प्रत्येक घरों में पांच दीपक प्रज्वलित किया जाएगा। वही 31 मार्च तक गुरुर तहसील में परिक्षेत्र स्तरीय मां कर्मा जयंती महोत्सव मनाया जाएगा। बैठक में तहसील साहू संघ के अध्यक्ष मिथलेश साहू ने मां कर्मा जयंती के अवसर पर अधिक से अधिक संख्या में सामाजिक बंधुओं को सहभागिता प्रदान करने हेतु अपील किया। साथ ही उन्होंने सामाजिक नियमावली की जानकारी देते हुए बताया कि सामाजिक कार्यक्रम के दौरान अगर कोई सामाजिक बंधु नशा पान या अन्य अमर्यादित वातावरण का महौल बनाता है तो यह आचार संहिता के उल्लंघन की श्रेणी में आयेगा। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि साहू संघ द्वारा सामाजिक भवन में निशुल्क कोचिंग सेंटर का शुभारंभ किया जाएगा, जहां साहू समाज के अलावा अन्य समाज के बच्चे भी रेलवे, पुलिस सहित अन्य प्रतियोगी परीक्षा हेतु अपना भविष्य बनाने के लिए शामिल हो सकेंगे। वहीं बैठक में जानकारी दी गई की 5 अप्रैल को ब्लॉक मुख्यालय गुरुर में तहसील स्तरीय मां कर्मा जयंती महोत्सव मनाया जाएगा तथा 29 अप्रैल को अंबिकापुर में प्रदेश स्तरीय मां कर्मा जयंती महोत्सव को मनाया जाएगा।

### इनकी रही उपस्थिति

इस बैठक के दौरान तहसील साहू संघ गुरुर के अध्यक्ष मिथलेश साहू, सचिव खेदूराम साहू, उपाध्यक्ष दुष्यंत साहू, ललिता साहू, संगठन सचिव लक्ष्मीचंद साहू, डामेश्वरी साहू, कोषाध्यक्ष कुबेर साहू, गुरुर परिक्षेत्र के अध्यक्ष योगेश साहू, सह सचिव सूरज गोपाल गंगबेर, संयुक्त सचिव घनाराम जेठमल, न्याय प्रकोष्ठ के संयोजक रामदयाल साहू, सचिव नेमसिंह साहू सहित अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ, न्याय प्रकोष्ठ, युवा प्रकोष्ठ तथा महिला प्रकोष्ठ के पदाधिकारी सहित गुरूर तहसील के अंतर्गत आने वाले 12 परिक्षेत्र के अध्यक्ष गण भी उपस्थित थे।

# सिकोसा के स्वास्थ्य शिविर में नुक्कड़ नाटक से लोगों को किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद/सिकोसा



शैलदेवी महाविद्यालय अंडा दुर्ग समाज कार्य के विद्यार्थियों ने ग्राम सिकोसा में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया।

सर्वप्रथम सभी विद्यार्थियों ने डोर टू डोर घर घर जाकर स्वास्थ्य परीक्षण के लिए लोगों को लेकर आए सीएचओ भागवत साहू, आरएचओ कमलेश सिन्हा, श्वेता मारागी, एमओ कविता चंद्राकर मितानिन की पूरी टीम में बीपी शुगर की जांच बल्ड टेस्ट किया गया एवं आवश्यकतानुसार दवाई का वितरण किया। सहायक प्राध्यापक ढाल सिंह साहू ने बताया कि क्षेत्रीय कार्य के दौरान निरंतर समाजकार्य के समस्त विद्याथऍगण महिला एवं बाल विकास विभाग, वृद्धा आश्रम साथ ही साथ गांव गांव जाकर नुक्कड़ नाटक के माध्यम से नशा मुक्ति, साइबर क्राइम, स्वास्थ्य परीक्षण आदि महत्वपूर्ण विषयों पर जागरूक कर रहे है जिससे गांव के लोग किसी भी प्रकार से ठगी का शिकार न हो एवं जागरूक हो सके।

कार्यकम में पूर्व छात्र मनीष सेन, लेमन कुमार, रामेश्वर तिवारी, डामन, विकास, योसोनिधि, चंद्रशेखर, खिलेंद्र, एकता, आरती, डोमेश्वरी, नम्रता, लोकेश्वरी, खुशी, सिमरन, पद्मनी, देविका, टिकेश्वरी, सोमलता, हेमिन, पामेश्वरी, नेहा, टामिन, प्रीतम, लोकेश्वर का विशेष सहयोग रहा।

# श्रीमद् भागवत कथा में वृंदावन लीला, कंस वध और रुक्मिणी मंगल प्रसंग सुन भाव-विभोर हुए श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंडा





ग्राम सिकोला (गुरेदा) में आयोजित श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह के अंतर्गत शनिवार को कथा में भगवान श्रीकृष्ण की वृंदावन लीला, मथुरा गमन, कंस वध और श्री रुक्मणी मंगल प्रसंग का भावपूर्ण वर्णन किया गया। कथा वाचन यशस्वी, सत्प्रखर, परम पूज्य गुरुदेव आचार्य निरंजन महाराज जी द्वारा किया गया।

कथा के दौरान महाराज जी ने वृंदावन लीला का वर्णन करते हुए बताया कि भगवान श्रीकृष्ण ने वृंदावन में गोप-गोपियों और ग्वाल बालों के साथ अनेक दिव्य लीलाएं कीं, जिससे पूरा ब्रजधाम आनंद और भक्ति से सराबोर हो गया।

इसके बाद मथुरा गमन का प्रसंग सुनाया गया, जिसमें बताया गया कि भगवान श्रीकृष्ण और बलराम जी कंस के निमंत्रण पर मथुरा पहुंचे। वहां उन्होंने अत्याचारी कंस का वध कर मथुरा की प्रजा को उसके आतंक से मुक्त कराया। कथा के अगले प्रसंग में श्री रुक्मणी मंगल का वर्णन किया गया। महाराज जी ने बताया कि विदर्भ की राजकुमारी रुक्मणी भगवान श्रीकृष्ण को अपने पति के रूप में चाहती थीं। उन्होंने श्रीकृष्ण को संदेश भेजकर उन्हें विदर्भ आने का आग्रह किया। भगवान श्रीकृष्ण ने वहां पहुंचकर रुक्मणी का हरण किया और बाद में दोनों का विधि-विधान से विवाह हुआ। कथा के इन दिव्य प्रसंगों को सुनकर श्रद्धालु भक्त भक्ति भाव में डूब गए। कार्यक्रम में मुख्य यजमानों सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे। अंत में आरती और प्रसाद वितरण के साथ कथा का समापन किया गया।

# अब भू-माफियाओं की खैर नहीं, अवैध प्लॉटिंग को लेकर दर्ज होगी एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

जिले में धड़ल्ले से हो रही अवैध प्लाटिंग पर रोक लगाने के लिए कलेक्टर अभिजीत सिंह ने सख्त रुख अख्तियार किया है। उन्होंने जिले के आरआई और पटवारी से उनके क्षेत्र में चल रही अवैध प्लाटिंग और उसको करने वालों के नाम मांगे हैं। इसके बाद इन सभी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

दुर्ग कलेक्टर अभिजीत सिंह ने बताया कि जन दर्शन में बड़ी संख्या में शिकायतें आती हैं कि अलग-अलग क्षेत्र में अवैध प्लाटिंग हो रही है। गलत खसरा बैठाकर प्लाटिंग हो रही है या फिर किसान से एग्रीमेंट करके जमीन का व्यापार करने वाले लोग खेत को छोटे-छोटे टुकड़ों में काटकर बेच रहे हैं। कलेक्टर ने कहा खसरा बैन करना इसका हल नहीं है। इस पर रोक लगाने के लिए उन्होंने दुर्ग जिले के सभी क्षेत्र में हो रही अवैध प्लॉटिंग या हो चुकी अवैध प्लाटिंग की जानकारी मांगी है। इसके बाद उस प्लाटिंग को करने वाला जो भी नाम आएगा उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

## दुर्ग कलेक्टर ने सभी आरआई, पटवारी से मांगी जिले भर में अवैध प्लॉटिंग की जानकारी




### क्या है कार्रवाई का प्रावधान

अवैध प्लाटिंग करना निगम प्रशासन कॉलोनाईजर रजिस्ट्रीकरण अधिनियम 1998 संशोधन नियम 2013 व छ.ग. नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 के प्रावधानों का उल्लंघन है। ऐसा करने वालों पर छ.ग. नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 292 (ग)(3) के तहत मामला दर्ज कार्रवाई की जाती है। इसमें कम से कम 3 साल और अधिकतम 7 साल के कारावास और न्यूनतम 1 लाख रुपए तक के जुर्माना का प्रावधान है।

### निगम की लचर कार्यशैली के चलते नहीं हो पाती कार्रवाई

दुर्ग जिले में पहले भी अलग अलग नगर निगम प्रशासन द्वारा कई भूमाफियाओं के खिलाफ अवैध प्लाटिंग को लेकर नगर निगम अधिनियम 1956 की धाराओं के तहत एफआईआर हो चुकी है, लेकिन एक भी मामले में आरोपी के खिलाफ गिरफ्तारी नहीं हुई और वो जमानत लेकर फिर से धड़ल्ले से अवैध प्लाटिंग कर रहा है। यह सब निगम की लचर कार्यशैली के चलते होता है। निगम की टीम अगर अवैध प्लॉटिंग पर कार्रवाई करने जाती है तो वो मुरुम और रोड रास्ता को हटाकर चल देती है, लेकिन जांच किसी भी जांच रिपोर्ट में अवैध प्लाटिंग करने वाले का नाम नहीं लिखती है। उनकी इसी कार्यशैली के चलते जमीन माफियाओं के हौसले बुलंद हैं।

### प्रशासन सख्त



अवैध प्लॉटिंग करने वालों को लेकर जिला प्रशासन सख्त है। सभी की जानकारी मंगाई जा रही है। इसके बाद उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज कर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

**-अभिजीत सिंह,** कलेक्टर दुर्ग

# घरेलू गैस सिलेंडर के लिए अब 25 दिन तक करना होगा इंतजार

**दुर्ग।** घरेलू गैस के लिए अब एक सिलेंडर से दूसरे सिलेंडर के बीच 25 दिन का इंतजार करना पड़ेगा। गैस एजेंसियों को इसके लिए निर्देश जारी किए गए हैं। इसके अलावा पेट्रोल, डीजल और अन्य इंधनों को लेकर खाद्य विभाग की अध्यक्षता में राज्य स्तरीय नियंत्रण एवं मॉनिटरिंग समिति का गठन किया गया है। इसके अलावा कालाबाजारी रोकने के लिए खाद्य विभाग नियमित रूप से होटलों, ठेलों, खोमचों और गैस एजेंसियों की जांच करेगी। लोगों से अपील की गई है कि जहां कहीं भी गैस की कालाबाजारी हो रही है, उसकी शिकायत तुरंत करें। इसके लिए टोल फ्री नंबर 1800-233-3663 और 1967 जारी किया गया है। शिकायत मिलते ही खाद्य विभाग की टीम सक्रिय होगी और संबंधित क्षेत्र में पहुंचकर कालाबाजारी करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करेगी। खाद्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि घरेलू एलपीजी एवं पेट्रोल, डीजल का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। इसके अलावा सभी राज्यों के लिए 48,240 किलोलीटर के अतिरिक्त केरोसिन का आवंटन जारी किए जाने की तैयारी की गई है। जल्द ही यह छत्तीसगढ़ में उपलब्धध होगी। वर्तमान में देश में 40 आवश्यक वस्तुओं के दैनिक बाजार भाव वर्तमान में स्थिर बने रहने की जानकारी दी गई है।


### //बाजार नीलामी सूचना //

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि ग्राम सिकोसा, विकासखंड- गुण्डरदेही, जिला- बालोद के साप्ताहिक बाजार, हटरी बाजार (पशु पंजीयन) एवं सायकल स्टैंड की **नीलामी दिनांक- 31/03/2026** दिन- मंगलवार, समय- 12 बजे से ग्राम पंचायत भवन सिकोसा में रखी गई है।

जिस किसी व्यक्ति को नीलामी में भाग लेना हो। उपरोक्त दिनांक, दिन एवं समय में आदर्श ग्राम पंचायत भवन सिकोसा के कार्यालय में उपस्थित होकर नीलामी में भाग लेकर बोली लगा सकते है। नियम एवं शर्तें ग्राम पंचायत भवन सिकोसा के सूचना पटल में चस्पा कर दी गई है।

**सचिव**
**ग्राम पंचायत सिकोसा**

**सरपंच**
**ग्राम पंचायत सिकोसा**


## पेज 9 के शेष...

### सूने मकान से सोने-चांदी...

बालोद की पुलिस टीम, डॉग स्कॉट, सायबर सेल बालोद हमारे घर पहुचकर निरीक्षण करने के बाद मै एवं मेरी पत्नी घर अंदर जाकर रखे सामानो को चेक करने पर बेडरूम के आलमारी टुटा हुआ, जिसमें रखे एक नग चांदी का सिक्का वजनी 01 तोला, गुलक जिसमें नोट व सिक्के करीबन 5000 रूपये, एक रिबेन की चश्मा कीमती 5000 रूपये, एक 500 रूपये की नोट नही था एवं पूजा रूम में रखे आलमारी टुटा हुआ मिला जिसमे रखे एक जोडी चांदी का पायल वजनी करीबन 05 तोला, 10–10 रूपये की नोट का एक बंडल कीमती 1000 रूपये नही था। 11 मार्च के दोपहर 01 बजे से 12 मार्च के सुबह 06 बजे के मध्य कोई अज्ञात चोर द्वारा हमारे घर के बगल गेट में लगे ताला को तोडकर अंदर घुसकर सामने दरवाजा में लगे ताला एवं इंटरलॉक को तोडकर घर अंदर घुसकर बेडरूम एवं पूजा रूम के आलमारी के लॉक को तोडकर चांदी के सामान एवं नगदी 14750 रूपये को चोरी कर ले गया है।

### 5 लाख की चोरी...

माया साहू से पूछने पर तीनो ने आलमारी से किसी भी खर्च के लिये रूपया नहीं निकालना बताये। माह नवम्बर 2025 से 25 फरवरी 2026 के मध्य किसी अज्ञात चोर द्वारा हमारे घर में मां मीना साहू के कमरे में घुसकर आलमारी की चाबी से ताला खोलकर करीबन 5,00,000 रूपये को चोरी कर ले गया है। जिसकी रिपोर्ट लिखने 12 मार्च को आया हूं।




## खबर संक्षेप



### भाजयुमो गुंडरदेही मंडल की कार्यकारिणी घोषित

**गुण्डरदेही।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय तथा भारतीय जनता पाटएँ युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राहुल टिकराहा के मार्गदर्शन में भाजपा जिला अध्यक्ष चेमन देशमुख के निर्देशानुसार युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष गुलशन साहू एवं मंडल अध्यक्ष युवराज मारकंडे के अनुशंसा पर युवा मोर्चा गुण्डरदेही मंडल अध्यक्ष नीतीश राजा सोनकर द्वारा अपने मंडल पदाधिकारियों एवं मंडल कार्यकारिणी की घोषणा की गई। इसमें विशेष रूप से मंडल अध्यक्ष युवराज मारकंडे, भाजयुमो जिला अध्यक्ष गुलशन साहू, जिला कोषाध्यक्ष मयंक अग्रवाल, मंडल अध्यक्ष युवा मोर्चा गुण्डरदेही नितीश राजा सोनकर, रुद्रप्रताप साहू, रोशन साहू, पंकज साहू उपस्थित थे।

### जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री बने विनोद



**बालोद।** जिला कांग्रेस कमेटी बालोद द्वारा विनोद टावरी को जिला महामंत्री के पद पर नियुक्त किया गया है। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा संचालित संगठन सृजन अभियान के तहत छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अनुमोदन पश्चात नियुक्ति की गई है। इस दौरान जिला कांग्रेस कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष कांग्रेस चन्द्रेश हिरवानी, विधायक संगीता सिन्हा, पूर्व विधायक भैयाराम सिन्हा, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष दल्लीराजहरा ने विनोद टावरी को प्रमाण पत्र देकर सम्मान किया। इस दौरान बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे। उनकी नियुक्ति पर पदाधिकारियो व कार्यकर्ताओ के साथ परिचितो व परिवारजनो ने हर्ष व्यक्त किया है। आपको बता दे वे इससे पूर्व शहर कांग्रेस कमेटी उपाध्यक्ष, शहर कांग्रेस कमेटी महामंत्री, युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष, वर्तमान में जिला युवा कांग्रेस उपाध्यक्ष थे तथा अब उनकी नवीन नियुक्ति करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी का महामंत्री बनाया गया है।

### ठेठवार यादव समाज का वार्षिक अधिवेशन आज

**बालोद।** ठेठवार यादव समाज जिला बालोद का एक दिवसीय वार्षिक अधिवेशन एवं कान्हा यादव स्मारिका का विमोचन कार्यक्रम 15 मार्च रविवार को प्रातः 9 बजे से प्रारंभ होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनसेवक बालोद राकेश यादव होंगे। अध्यक्षता उपाध्यक्ष जिला सहकारी केंद्रीय मर्यादित बैंक दुर्ग नरेश यदु करेंगे, विशिष्ट अतिथि प्रांतीय अध्यक्ष ठेठवार यादव समाज राजिम महासभा छत्तीसगढ़ गुलेन्द्र यादव, प्रांतीय महासचिव ठेठवार यादव समाज महासभा राजिम छत्तीसगढ़ समलिया यादव, अध्यक्ष उपमहासभा बालोद छगन यादव, जिला अध्यक्ष ठेठवार समाज जिला बालोद उत्तम यादव, सभापति जनपद पंचायत गुरुर तारा देवी ताम्रध्वज यादव, पार्षद नगर पालिका बालोद सतीश यादवएवं सभी राज के अध्यक्षगण होगें। इस अवसर पर बालोद राज के अध्यक्ष ताम्रध्वज यादव, उपाध्यक्ष जयप्रकाश एवं रूद्रेश यादव, महासचिव एलेंद्र यादव, कोषाध्यक्ष हेमंत कुमार यादव ने समाज के समस्त यादव बंधुओं, मातृ शक्तियों तथा युवाओं से अधिक संख्या में उपस्थित होकर वार्षिक अधिवेशन को सफल बनाने की अपील की है। यह जानकारी मीडिया प्रभारी बलदेव यादव ने दिया है।

### सीआईएसएफ जवान ने रेलवे कर्मी का पकड़ा कॉलर, मचा हंगामा

**भिलाई।** सीआईएसएफ जवान ने रलवे कर्मी का कालर पकड़ने का मामला सामने आया है। घटना भिलाई तीन स्थित पुरैना का है। मिली जानकारी के मुताबिक बीएसपी सीआईएसएफ के जवान ने पीपी यार्ड से काम पर लौट रहे रेलवे कर्मी से आईडी दिखाने के नाम पर कथित तौर पर बदसलूकी किया। खबर लगने पर रेलवे कर्मचारियों ने पुरैना गेट पहुंचकर घेराव कर दिया।

# राष्ट्रीय मंच पर बिखरेगी छत्तीसगढ़ की संस्कृति की छटा, दिल्ली में प्रतिस्पर्धा

## कड़ी प्रतिस्पर्धा के बाद राज्य स्तर पर पाया प्रथम स्थान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

सुश्री एनुका शार्वां ने केंद्रीय सिविल सेवा सांस्कृतिक एवं क्रीड़ा बोर्ड द्वारा आयोजित म्यूजिक डांस और मोनो प्ले प्रतियोगिता 2025 - 26 में लोक नृत्य में प्रथम स्थान प्राप्त कर छत्तीसगढ़ राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगी। सुश्री शार्वा शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डौंडी लोहारा में व्याख्याता (भौतिक शास्त्र) के पद पर पदस्थ हैं। विद्यालय के बच्चे भी प्रतिवर्ष सुश्री शार्वा के मार्गदर्शन में राज्य/ राष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रस्तुति दे रहे हैं। केंद्रीय स्तर पर आयोजित सिविल सेवा सांस्कृतिक एवं क्रीड़ा प्रतियोगिता में केंद्रीय और राज्य स्तर के कर्मचारी भाग लेते हैं। जिसके अंतर्गत नृत्य ,गायन ,वादन, शास्त्रीय और पारंपरिक वर्ग तथा मोनोप्ले, ड्रामा का चयन करने हेतु राज्यस्तर पर महंत घासीदास संग्रहालय रायपुर में आयोजित किया गया था। जिसमें विभिन्न जिलों से आए हुए प्रतिभागियों के बीच कड़ी प्रतियोगिता के पश्चात लोक नृत्य विधा में सुश्री एनुका शार्वा का चयन हुआ है, जो 20 से 25 मार्च तक नई दिल्ली स्थित स्पोर्ट्स कांप्लेक्स चाणक्यपुरी में आयोजित प्रतिस्पर्धा में पारंपरिक वर्ग में छत्तीसगढ़ राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगी। प्राचार्य वीके भंडारी ने बधाई देते हुए कहा बालोद जिले में हमारे विद्यालय से सुश्री शार्वा का चयन होना, हमारे लिए गौरव का विषय है।



**इन्होंने दी बधाई**

विद्यालय परिवार से एल के ठाकुर,डी आर साहू, प्रदीप मेश्राम, डुप्ले साहू, लवण साहू, संगीता वैदे, हेमपुष्पा नाईक, छाया नंदा, पुष्पा कटेंद्र, आर एन योगी, सौरभ शर्मा,भूपेंद्र पटेल, हेमंत साहू, कपिल पटेल, सूर्योदय मानिकपुरी भारती साहू, डामन देशमुख, निधि यादवने शुभकामनाएं प्रेषित किए हैं। छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन के कार्यकारी अध्यक्ष अनिल दिल्लीवार और खेमन्त कुमार साहू ने शुभकामनाएं देते हुए बालोद जिले का नाम रौशन करने और छत्तीसगढ़ की संस्कृति को राष्ट्रीय मंच प्रदर्शित करने के लिए शार्वा बधाई दिये हैं। साथ ही टीचर्स एसोसिएशन के उपाध्यक्ष शिवेंद्र बहादुर ने भी हर्ष जाहीर की।

## आयोजन : कुल 23 खण्डपीठ का जिले में किया गया गठन

# जिले में नेशनल लोक अदालत में 61 हजार से अधिक मामले सुलझे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के निर्देशानुसार बालोद जिले के सभी न्यायालयों में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्याम लाल नवरत्न के निर्देशानुसार इस लोक अदालत के लिए बालोद जिले में कुल 23 खण्डपीठ का गठन किया गया। इस लोक अदालत में लंबित सिविल एवं दांडिक प्रकरण, प्री–लिटिगेशन के बैंक, विद्युत, जलकर, बीएसएनएल के तथा राजस्व न्यायालयों की खंडपीठ के समक्ष कुल 62 हजार 524 प्रकरण निराकरण हेतु रखे गये थे, जिसमें 61 हजार 47 प्रकरणों का निराकरण नेशनल लोक अदालत के माध्यम से किया गया। इस लोक अदालत में कुल 07 करोड़ 30 लाख 72 हजार 356 रूपये राशि का अवार्ड पारित किया गया है।

जिनमें राजीनामा योग्य प्रकरणों में पक्षकारों की आपसी सहमति व सुलह समझौता से निराकृत किये गये है। प्रकरणों के पक्षकारों की भौतिक तथा वर्चुअल दोनों ही माध्यमों से उनकी उपस्थिति में निराकृत किये जाने के अतिरिक्त स्पेशल सिटिंग के माध्यम से भी पेटी अफेंस के प्रकरणों को निराकृत किया गया।

इस सिलसिले में न्यायमूर्ति रमेश सिन्हा, मुख्य न्यायाधीश, छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय बिलासपुर ने इस संपूर्ण लोक अदालत को सफल बनाये जाने हेतु निरंतर प्रयास करते हुए वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से भी लगातार अधिक से अधिक मामलों को निराकृत किये जाने हेतु प्रेरित किया। इसी अनुक्रम में बालोद जिले के पोर्टफोलियों न्यायाधीश नरेश कुमार चंद्रवंशी न्यायाधीश महोदय, छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय बिलासपुर द्वारा नेशनल लोक अदालत के अवसर पर जिला न्यायालय बालोद का निरीक्षण कर लोक अदालत की कार्यवाही का अवलोकन किया। न्यायमूर्ति द्वारा न्यायिक अधिकारी, अधिवक्ताओं तथा पक्षकारों से संवाद कर लोक अदालत के माध्यम से विवादों को आपसी सहमति से सुलझाने हेतु प्रेरित किया गया तथा न्यायमूर्ति द्वारा हितग्राहियों को ट्राईसिकल, श्रवणयंत्र वितरित किया गया।

जिला व सत्र न्यायालय बालोद एवं व्यवहार न्यायालय स्तर पर डौण्डीलोहारा, दल्लीराजहरा, गुण्डरदेही में तथा बालोद जिले के राजस्व न्यायालयों में भी नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। इस नेशनल लोक अदालत में आपसी सहमति व सुलह समझौता करने वालों पक्षकारों को प्रोत्साहन स्वरूप पौधा वितरण भी किया गया। नेशनल लोक अदालत में जिला न्यायालय परिसर में आये पक्षकारों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया और साथ ही बालोद बाजार के द्वारा अपने सामग्री के प्रचार–प्रसार हेतु स्टॉल लगाया गया।

**आपसी सहमति से सुलझाए गए विवाद**






### फाग गीत हमारी समृद्ध लोकसंस्कृति की अमूल्य परंपरा है : ताम्रध्वज साहू

**अंडा।** दुर्ग ग्रामीण अंचल में चल रहें दो दिवसीय फाग महोत्सव एवं झांकी कार्यक्रम के आयोजन में प्रदेश के पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू शनिवार को दुर्ग ग्रामीण विधानसभा के ग्राम थनौद,बिरेझर, चंगोरी, खाड़ा, मासाभाट, आलबरस एवं ग्राम अछोटी में शामिल हुये इस अवसर पर अपने संबोधन में कहा कि होली आपसी भाईचारे और सौहार्द का प्रतीक है, और ऐसे आयोजनों से हमारी लोक संस्कृति जीवित रहती है। कहा कि फाग गीत हमारी समृद्ध लोकसंस्कृति की अमूल्य परंपरा है, जो युगों से चली आ रही है। फागुन माह में गांव और शहरों में जगह-जगह फाग गीत प्रतियोगिताओं का आयोजन होता है, जिसमें ग्रामीण एकजुटता के साथ भाग लेकर आपसी भाईचारे और मिलजुलकर रहने का संदेश देते हैं। उन्होंने कहा कि होली जैसा हृदय को आनंदित करने वाला दूसरा कोई पर्व नहीं है। ऐसे आयोजनों में आप सभी के बीच पहुंचना मेरे लिए केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि परिवार से मिलने जैसा अनुभव होता है। फाग के मधुर गीत, ढोल-नगाड़ों की थाप और रंगों में घुला भाईचारा हमारी लोकसंस्कृति की जीवंत पहचान है। श्री साहू ने कहा कि अपनों के बीच मिलने वाला प्रेम, विश्वास और सम्मान ही उन्हें निरंतर जनसेवा के मार्ग पर आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि क्षेत्रवासियों का स्नेह ही उनकी सबसे बड़ी पूंजी है।आयोजन कर्ता गणों को गुलाल लगाया फाग गायकों के उत्साह की सराहना करते हुए सभी के सुख-समृद्धि की कामना की।उन्होंने फाग गायकों की सराहना करते हुए कहा कि ग्रामीण अंचलों की यह कला हमारी असली धरोहर है, जिसे सहेज कर रखना हम सभी का दायित्व है। इस अवसर अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस देवेंद्र देशमुख, उपाध्यक्ष जनपद पंचायत दुर्ग राकेश हिरवानी, रिवेन्द्र यादव,पूर्व जनपद सदस्य रुपेश देशमुख, लजकुमार, हीरामन देशमुख, नंदकुमार साहू, देवलाल साहू, आशा देशमुख, देवी सिंह देशमुख, शिवनारायण दिल्लीवार, नेमन दिल्लीवार, बसंत देशमुख,अन्य पदाधिकारियों सहित क्षेत्रीय जन प्रतिनिधि और ग्रामीण उपस्थित रहे।

# सेजस में कल से शुरू होगा बोर्ड की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

माध्यमिक शिक्षा मंडल छत्तीसगढ़ की बोर्ड परीक्षाओं की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय बालोद में 16 मार्च से प्रारंभ हो रहा है। इस संबंध में मूल्यांकन प्रक्रिया को पारदर्शिता, गोपनीयता एवं अनुशासन के साथ संपन्न कराने हेतु मुख्य परीक्षक एवं उपमुख्य परीक्षक को मूल्यांकन उन्मुखीकरण प्रशिक्षण में निर्देश दिया गया है।

मूल्यांकन कार्य के प्रथम चरण में 7 मार्च तक संपन्न हाई स्कूल के हिंदी, अंग्रेजी, सामाजिक विज्ञान, विज्ञान, गणित विषय तथा हायर सेकेंडरी के भूगोल, भौतिक शास्त्र, राजनीति विज्ञान, रसायन शास्त्र, लेखाशास्त्र, फसल उत्पादन, संस्कृत, जीव विज्ञान, अर्थशास्त्र, पशुपालन, विज्ञान के तत्व, गणित, भारतीय संगीत एवं चित्रकला विषय के मूल्यांकन कर्ताओं को निर्देशित किया गया है। मूल्यांकन केंद्र अधिकारी अरुण कुमार साहू ने बताया कि मूल्यांकन कार्य में संलग्न सभी परीक्षकों को सूचित कर दिया गया है तथा मंडल द्वारा विशेष आदेश जारी किया गया है। प्रत्येक परीक्षक अपने अध्यापन विषय से संबंधित उत्तर पुस्तिका का ही मूल्यांकन कर सकेंगे। ताकि मूल्यांकन की गुणवत्ता एवं निष्पक्षता बनी रहे। कोई भी परीक्षक प्रतिदिन

- **गुणवत्ता सुधरने की उम्मीद**

निर्धारित संख्या 40 से अधिक उत्तर पुस्तिका का मूल्यांकन नहीं करेगा जिससे मूल्यांकन में सावधानी एवं सजगता के साथ समय सीमा में मूल्यांकन कार्य को गति प्रदान की जा सके। मूल्यांकन कार्य का समय बोर्ड द्वारा निर्धारित अवधि प्रातः 10 बजे से शाम 5 बजे तक रहेगा। सभी परीक्षकों को समय का अनिवार्यतः पालन करना होगा ताकि समय सीमा के भीतर ही मूल्यांकन कार्य संपन्न किया जा सके। इसके अतिरिक्त बोर्ड के निर्देशानुसार अंग्रेजी माध्यम की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन केवल अंग्रेजी माध्यम के शिक्षकों द्वारा ही किया जाएगा जिससे भाषा की समझ और विषय की जानकारी के आधार पर उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन सही और निष्पक्ष सुनिश्चित होगा। मूल्यांकन केंद्र में अनुशासन बना रखने के लिए किसी बाहरी व्यक्ति का प्रवेश निषेध रहेगा तथा परीक्षकों द्वारा मूल्यांकन कक्ष में मोबाइल का प्रयोग पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। सभी परीक्षकों को निर्देशित किया गया है कि मोबाइल या अन्य सामग्री तथा किसी भी अन्य तरह का व्यवधान मूल्यांकन कार्य के समय एवं अनुशासन को बाधित नहीं करना चाहिए। मूल्यांकन केंद्र में उत्तर पुस्तिका एवं अन्य गोपनीय सामग्री के सुरक्षित रखने वितरण एवं संकलन की संपूर्ण तैयारी कर ली गई है। केंद्र में परीक्षकों के लिए आवश्यक सुविधाएं भी उपलब्ध कराई गई है ताकि मूल्यांकन कार्य शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न किया जा सके। जिला प्रशासन एवं जिला शिक्षा अधिकारी के मार्गदर्शन में बोर्ड के निर्देशानुसार मूल्यांकन कार्य समयबद्ध तरीके से पूर्ण किया जाएगा। इस प्रक्रिया की विश्वसनीयता एवं निष्पक्षता बना रखने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर ली गई हैं।

# सुर्रा स्कूल में हुई एसएमसी की मासिक बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

शासकीय उच्च प्राथमिक शाला सुर्रा में शाला प्रबंधन समिति का मासिक बैठक सम्पन्न हुई। जिसमें कक्षा 5वीं और 8वीं की परीक्षा 16 व 17 मार्च से प्रारंभ होगी एवं समग्र शिक्षा राज्य परियोजना कार्यालय रायपुर छत्तीसगढ़ द्वारा प्राप्त अनुदान की जानकारी दी गई। कक्षा 5वीं और 8 वीं के छात्र छात्रओं की विदाई सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एसएमसी सदस्य गोवर्धन साहू ने सरपंच नरेन्द्र कुमार ठाकुर द्वारा कक्षा 8वीं एवं 5वीं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को 1000 एवं 500 रूपये देने की घोषणा के साथ स्वयं प्रथम व द्वितीय स्थान के लिए 500 एवं 300 प्रोत्साहन राशि देने की घोषणा की। उपाध्यक्ष एसएमसी विश्राम साहू द्वारा शाला के लिए एक सीलिंग पंखा देने की घोषणा किया। प्रभारी प्राचार्य प्राथमिक शाला कामड़ी जे साहू, एसके चंद्राकर, शिक्षक एलएस साहू सभी द्वारा विद्याथएँयों के उज्वल भविष्य की कामना की गई। कार्यक्रम में अध्यक्ष एसएमसी केदार साहू, विनोद साहू ने भी बच्चों को संबोधित किया। प्रभारी प्राचार्य प्राथमिक शाला डी एल साहू ने बताया कि शाला में शिक्षा के साथ बच्चों को खेल कूद व अच्छी संस्कार भी दी जाती है। बच्चों को संस्कार वान बनने की सीख देते हुए साहू द्वारा सभा समापन की घोषणा की गई।




कक्षा 5वीं और 8 वीं के छात्र छात्राओं की दी गई विदाई

### यादव समाज का गीता महोत्सव, वार्षिक सम्मेलन व भवन लोकार्पण आज

**बालोद।** सर्किल कोसरिया यादव समाज मोहंदीपाट द्वारा गीता महोत्सव, वार्षिक सम्मेलन एवं भवन लोकार्पण कार्यक्रम का आयोजन 15 मार्च को ग्राम सिरसिदा ओटेबंद में किया गया है। जिसमे प्रातः 9 बजे भगवान श्रीकृष्ण की पूजा अर्चना, कलश यात्रा एवं राउत नृत्य के साथ शोभायात्रा निकाला जाएगा। प्रातः 11 बजे अतिथि आगमन, स्वागत एवं अतिथियो का उद्बोधन होगा। दोपहर 12 बजे दो जोड़ा सामूहिक आदर्श विवाह संपन्न होगा। दोपहर 1 बजे समाज के प्रतिभावान बच्चो का सम्मान एवं सामाजिक क्षेत्र में विशेष योगदान सम्मान किया जाएगा। दोपहर 2 बजे समाज के बच्चो द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। दोपहर 3 बजे समापन समारोह, अतिथि आगमन एवं उद्बोधन होगा। संध्या 6 बजे आभार प्रकट एवं कार्यक्रम समापन होगा। जिसमें समिति के अध्यक्ष कृष्ण यादव, उपाध्यक्ष दुर्गाप्रसाद यादव, सचिव मुरली प्रसाद यादव, कोशाध्यक्ष अरविंद यादव, महामंत्री मदन यादव, सहसचिव नारद यादव, संरक्षक भूखाराम यादव, अध्यक्ष महिला संगठन सरोज यादव, अध्यक्ष युवा संगठन मानसिंग यादव, सदस्य संभागीय युवा संगठन वरूण यादव, ग्राम पंचायत सरपंचगणो मे मोहंदीपाट सरपंच हेमराय यादव, गोड़ेला नागेशरंजन यादव, बम्हनी डोमार यादव, भरदाकला शोभित यादव, जेवरतला दल्लू यादव, अर्जुन्दा रामप्रसाद यादव, खैरबना हरिशंकर यादव, ओड़ारसकरी रूपलाल यादव, भिलाई रामजी यादव, तिलखैरी रूपेश यादव, भरदाखुर्द रामे"वर यादव, डंगनिया अरूण यादव, सकरौद बिदेशी यादव, सिरसिदा दुर्गु यादव उपस्थित रहेंगे।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, केमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

## विधायक संगीता ने विधानसभा में उठाए सवाल

# विधानसभा में गूंजा स्वास्थ्य सेवाओं का मुद्दा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

- **मितानिनों को प्रोत्साहन राशि और हर विकासखंड में शव वाहन–एम्बुलेंस की मांग**

विधायक संगीता सिन्हा ने आयुष्मान कार्ड से निजी अस्पतालो में चिकित्सा नही होने का मामला विधानसभा में उठाया। उन्होने सरकारी अस्पतालो में निःशुल्क ईलाज करने की बात कही।

विधानसभा में प्रश्न उठाते हुए विधायक संगीता सिन्हा ने कहा सरकारी अस्पतालो में निःशुल्क चिकित्सा नही हो रही है। मरीजो से आयुष्मान कार्ड से भारी भरकम राशि काटी जा रही है यहां तक की गर्भवती महिलाओ के ईलाज एवं प्रसव के नाम पर भी आयुष्मान कार्ड से राशि काटी जा रही है उसे तुरंत बंद किया जाए। संगीता सिन्हा ने आयुष्मान कार्ड के बकाया का भुगतान तत्काल करने की बात कहते हुए कहा भुगतान नही होने के कारण ही निजी अस्पतालो से आयुष्मान कार्ड से ईलाज नही हो रहा है।



संगीता सिन्हा ने कहा आज सरकारी अस्पतालो में सुविधाएं नही होने के कारण लोगो को मजबूरी में निजी अस्पताला में जाकर प्रसव कराना पड़ रहा है। इसका खामियाजा ग्रामीणो के साथ वे मितानीन भी भुगत रही है जो नौ माह तक गर्भवती महिला के सेवा करती है। सरकारी नियमो के अनुसार मितानीनो को गर्भवती महिला के नौ माह तक देखभाल करनी होती है। उसके बदले में सरकारी अस्पताल में प्रसव होने पर ही मितानीनो को भुगतान करती है और यदि महिला का प्रसव निजी अस्पताल में होता है तो मितानीन उस प्रोत्साहन राशि से वंचित हो जाती है। जबकि मितानीन नौ माह तक उस गर्भवती महिला की सेवा करती है। शासन तंत्र की बदइंतजामी के कारण ग्रामीण गर्भवती महिलाओ को सरकारी अस्पतालो के स्थान पर निजी अस्पतालो में ले जाते है। संगीता सिन्हा ने कहा कि प्रसव चाहे जहां हो मितानीनो को उनकी प्रोत्साहन राशि मिलनी चाहिए। संगीता सिन्हा ने कहा आज कल देश में सरकारी अस्पताल खुद बिमार हो गया है। अधिकांश अस्पतालो में डॉक्टर पर्याप्त नही है। संगीता सिन्हा ने कहा जिले में एक शव वाहन है जिसके कारण आम जनता को बहुत परेशानी होती है एवं सरकारी योजना का पूरा लाभ आम जनता को नही मिलता और लोग मजबूरी में निजी वाहनो से अपने परिजनो के शव ले जाने को मजबूर हो जाते है। संगीता सिन्हा ने कहा प्रत्येक विकासखण्ड में एक शव वाहन की व्यवस्था की जाए। संगीता सिन्हा ने विधानसभा में कहा कि एक लाख की आबादी में एक एम्बूलेंश का प्रावधान किया जा रहा है जो गलत है। प्रत्येक विकासखण्ड में कम से कम चार एम्बूलेंश हो एवं एक सर्व सुविधा युक्त एम्बूलेंस हो। संगीता सिन्हा ने कहा स्वास्थ के नाम पर सरकार भारी भरकम राशि खर्च करने की बात कह रही है लेकिन वास्तव मे आम जनता मूलभूत स्वास्थ सुविधाओ के लिए भटक रहा है।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
हवाई मार्ग Ex-लखनऊ
(09 दिन) 2,80000/-(+5%GST)
कैलाश मानसरोवर यात्रा
12 मई, 25 मई, 11 जून, 11 जुलाई, 10 अगस्त,08 सितम्बर, 20 सितम्बर 2026
सुविधा:- 3 स्टार होटल, टूर गाईड, बस, फुड (ब्रेकफास्ट एंड डिनर), काठमांडू (पशुपतिनाथ)
नोट:- काठमांडू तक की फ्लाईट टिकट या ट्रेन टिकट का चार्ज एक्सट्रा रहेगा।
सड़क मार्ग Ex-काठमांडू (13 दिन) 2,20000/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411